मनसा माता को आज अर्पित होंगे 108 नील कमल

जयपुर। शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मंगलवार को देवी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान होंगे। कई घरों में कन्या-बटुकों का पूजन कर भोजन कराया जाएगा। कनक घाटी आमेर रोड स्थित ठिकाना मंदिर गोविन्द देव जी के मातहत मंदिर देवी मनसा माता में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में अष्टमी तिथि को एक सौ आठ नील कमल के पुष्प अर्पित किए जाएंगे। इससे पूर्व विशेष संधि पूजन किया जाएगा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया किइससे पूर्व सप्तमी तिथि को मूल नक्षत्र में पूजन किया गया। सप्तमी तिथि को मां कालरात्रि की आराधना की गई। माता रानी का विशेष श्रृंगार कर चंडी पाठ किए गए।

उधर आमेर स्थित शिला माता मंदिर में सोमवार को पूर्व राज परिवार ने निशा पूजन किया। दिन भर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मातारानी के दर्शन किए। मंदिर के पट खुलने से पूर्व ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु आमेर महल पहुंच गए। अनेक लोग पैदल परिक्रमा करते हुए शिला माता मंदिर ढोक देने पहुंचे।

मंदिर के पुजारी बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि नवरात्र के दौरान दर्शन का समय प्रतिदिन सुबह 6 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात 8:30 बजे तक रहेगा।

'सरकारी के साथ निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने की तैयारी में शिक्षा विभाग'

जयपुर। शिक्षा विभाग इस बार राजकीय विद्यालयों के बच्चों के साथ ही प्रदेश के निजी स्कूलों के बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण करने पर भी विचार कर रहा है। इस संबंध में शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने सोमवार को वीसी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए शाला स्वास्थ्य परीक्षण अभियान की समीक्षा करते इस संबंध में चर्चा की। उन्होंने सत्र 2024-25 के सर्वे में सर्जरी के चिह्नित बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी के साथ संबंधित सीबीईओ द्वारा वेरीफिकेशन की रिपोर्ट 10 अक्टूबर तक निदेशालय भेजने के निर्देश भी दिए हैं।

कुणाल ने गत सत्र के चिह्नित विद्यार्थियों को नेत्र जांच कर चश्मा वितरण के काम में तेजी लाने एवं विद्यार्थियों के रिकॉर्ड के साथ उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड को भी ऑनलाइन इंटीग्रेट करने के लिए भी निर्देश दिए। बैठक में राज्य परियोजना आयुक्त व निदेशक श्रीमती अनुपमा जोरवाल, निदेशक माध्यमिक व प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व पीईईओ सहित अन्य अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने सोमवार को वीसी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

समीक्षा बैठक में शासन सचिव ने जर्जर विद्यालय भवन और बारिश के चलते जर्जर हुए भवनों की सूचना जल्द से जल्द विभाग को भेजने के निर्देश दिए, जिससे आपदा राहत के तहत ऐसे विद्यालयों के लिए बजट की राज्य सरकार से मांग की जा सके। उन्होंने अधिकारियों से प्रखर राजस्थान 2.0, एफएलएन, शाला संबलन, शाला स्वास्थ्य परीक्षण, 1 अक्टूबर को प्रस्तावित स्वच्छता सेवा अभियान, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग, छात्रवृत्ति भुगतान आदि की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने विभाग की योजनाओं के माध्यम से बच्चों तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने, योजनाओं के सही क्रियान्वयन के लिए विद्यालयों के दौरे करने और आंकड़ों के लिए शाला संबलन एप का सुनिश्चित करने पर जोर दिया। स्वास्थ्य सेवा अभियान में सामुदायिक सहभागिता के साथ बच्चों की भी सक्रिय सहभागिता

- **शासन सचिव शिक्षा ने अधिकारियों को दिए पिछले सत्र में चिह्नित बच्चों के वेरिफिकेशन के निर्देश**

सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शाला संबलन पर एप पर जिओ टैगिंग के माध्यम से ऐसी व्यवस्था की गई है जिससे कोई भी अधिकारी संबंधित विद्यालय में पहुंच कर ही अपने लॉगिन आईडी के माध्यम से डाटा एंट्री कर पाएगा। उन्होंने प्रखर राजस्थान 2.0 के अंतर्गत ड्रॉप एवरीथिंग एंड रीड ( ) को ध्यान में रखते हुए बच्चों की पठन क्षमता के विकास पर ध्यान देने के लिए भी कहा। उन्होंने बैठक में कृष्ण भोग, विद्यालय मरम्मत की गतिविधियों, प्रबंध पोर्टल पर प्रविष्टियों सहित अन्य गतिविधियों की भी समीक्षा की।

कक्षा 1 व 2 के बच्चों में बुनियादी शिक्षा व साक्षरता ज्ञान (एफएलएन) के लिए 7 अक्टूबर से 7 फरवरी तक कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें बच्चों को निर्धारित मापदंडों तक पहुंचाने के लिए काम किया जाएगा।

सार-समाचार

समाजसेवी व ज्वैलर राजू मंगोड़ीवाला ''अग्र गौरव'' से सम्मानित

जयपुर। अग्रवाल समाज समिति जयपुर द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी व जयपुर ज्वैलर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला का देश विदेश मे सामाजिक,व्यापारिक व धार्मिक कार्यों की वृहद् श्रृंखला से कार्य कर समाज को गौरवान्वित करने हेतु ''अग्र गौरव''सम्मान दिया गया।अग्रवाल कॉलेज प्रांगण के ऑडिटोरियम में अध्यक्ष शिक्षाविद ओ.पी.अग्रवाल व वरिष्ठ समाजसेवियों की उपस्थिति में मंगोड़ीवाला को सार्वभौमिक व सर्वांगीण कार्यों का प्रतीक हताते हुये कहा कि आपने अपने कुशल व्यवहार व कार्यशैली से जयपुर मे सेवा कार्यो व व्यापारिक हितो की भावना से विशिष्ठ पहचान बनाई जिससे ज्वैलर एसोसिएशन मे लगातार दो बार एतिहासिक जीत से समाज को सिरमौर बनाया।आपके कार्य सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक, राजनीतिक व आर्थिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के रूप मे जाने जाते है हर क्षेत्र मे आपकी महत्त्वता का झंडा देश विदेश मे अग्रवाल समाज व जयपुर को गौरवान्वित कर रहा है।राजस्थान के प्रवासी परिवारो के दिलो मे आपने अनूठी पहचान बनाकर कई देशो व प्रदेशों मे टीम बनाकर समन्वय का कार्य किया है। इस अवसर पर समारोह में सबसे पहले महाराजा अग्रसेन महाराज और कुल देवी महालक्ष्मी जी का पूजन कर राजू मंगोड़ीवाला ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का आशीर्वाद व सहयोग मुझे प्रेरित करता है,उन्होने कहा कि समाज के सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी आवश्यक है। समाज के उत्थान के लिए आपसी प्रेम, भाईचारे की भावना और एकजुटता बेहद जरूरी है।

गरबा ग्लैम 2.0 ने जयपुर में जलवा बिखेरा

जयपुर। गरबा ग्लैम 2.0, स्टूडेंट काउंसिल द्वारा आयोजित और ब्रूटोपिस कॉफ़ी, ग्लेस, सीएम टेलर्स तथा नयाबी इंटीरियर्स द्वारा प्रायोजित, का आयोजन किया। शाम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अद्भुत कार्यक्रमों से हुई, जिनमें गणेश वंदना, दुर्गा आरती और रंगारंग डांडिया ग्रुप परफॉरमेंस शामिल थे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले मुख्य अतिथि थे रेव. फ़ा. डॉ. अरोक्या स्वामी एस.जे., रेव. फ़ा. डॉ. रेमंड चेरुबिन एस.जे., डॉ. मधु शर्मा, रेव. फ़ा. डॉ. अब्राहम अमल राज एस.जे., रेव. फ़ा. संगीथ राज एस.जे., और सुमन (मिसेज़ इंडिया ग्लैम 2023)। कार्यक्रम का संचालन पूजा गोलानी और एंकर रचित ने किया, तथा समन्वय डॉ. वर्षा शर्मा (सहायक प्रोफेसर) ने किया। पुरस्कार विजेताओं में अक्षिता सोनी (श्रेष्ठ परिधान महिला), समर्थ शर्मा (श्रेष्ठ परिधान पुरुष), नकुल सोनी (श्रेष्ठ नर्तक पुरुष), रिया सैनी (श्रेष्ठ नर्तकी महिला), गुंजन तेजा एवं जॉय बासी (श्रेष्ठ जोड़ी) तथा पलक एवं समूह (श्रेष्ठ समूह प्रस्तुति) शामिल रहे।''नेशनल बर्न्स कॉन्फ्रेंस'' में डॉ मालती गुप्ता, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न्स, स.मा.सिंह मेडिकल कॉलेज,जयपुर को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया तथा उनके द्वारा के तहत लिखित, निर्मित एवं निर्देशित वीडियो ''पानी और आग'' को इस के उद्घघाटन सत्र में विशेष तौर से लॉन्च किया गया।

अग्रसेन जी महाराज की पूजा की

जयपुर। अग्रसेन जी महाराज की पूजन विधि विधान से की, जिसमें निम्न खेल प्रतियोगिताएं की गई हो जी प्रतियोगिता खेलकूद मेहंदी प्रतियोगिता बच्चों के द्वारा शानदार संस्कृति प्रस्तुति वरिष्ठ नागरिक व उत्कृष्ट बच्चों का सम्मान हमारे संवाददाता को मुक्ति लाल गोयल संरक्षक ने बताया कि हमारे अध्यक्ष सोम प्रकाश जी गर्ग की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किए गए जी में जिसमें मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम जी अग्रवाल विशिष्ट अतिथि जीएसटी अधिकारी एन के गुप्ता एडिशनल एसपी राजेंद्र कुमार जी गुप्ताहमारे कार्यकारिणी के गणमान्य सदस्य रामकिशोर अग्रवाल रमेश चंद्र शाह केदार मल अग्रवाल पवन अग्रवाल रामावतार अग्रवाल पुरुषोत्तम जी अग्रवाल कुंज बिहारी अग्रवाल अशोक अग्रवाल संदीप मोदी बाबूलाल जी अग्रवाल अमरचंद अग्रवाल बुद्धि प्रकाश जी सहरिया संजय गोयल अशोक अग्रवाल टस्कोला राजेंद्र अग्रवाल मेडिकल वाले महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अलका सहरिया मोनू अग्रवाल उपस्थित रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर सोमवार को जयपुर मंडल कार्यालय में राजभाषा पखवाडा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पूजा मित्तल ने बताया कि सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक जयपुर रवि जैन की अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में राजभाषा पखवाडा पुरस्कार वितरण समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ष भर हिंदी भाषा में सराहनीय कार्य करने वाले 20 कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक पुरस्कार,20000 शब्द योजना के 10 विजेताओं एवं राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी पखवाडे के दौरान आयोजित हिंदी निबंध, हिंदी टिप्पण एवं आलेखन तथा वाक प्रतियोगिताओं के 12 विजेताओं को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में विशेष आमंत्रित प्रसिद्ध हास्य कवि प्रवीण कुमार मस्त पी.के. मस्त ने भी कविताओं से सभी को गुदगुदाया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक के साथ अपर मुराधि एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक/परि. तथा मंडल के शाखा अधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बंगाली समाज ने की महासप्तमी पूजा

जयपुर। बनीपार्क के दुर्गाबाड़ी, मुरलीपुरा कालीबाड़ी, जय क्लब तथा मालवीय नगर सेक्टर-10 स्थित कालीबाड़ी सोसायटी सहित विभिन्न पंडालों में मनाए जा रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में सोमवार को महासप्तमी पूजन हुआ। देवी प्रतिमाओं के समक्ष नवपत्रिका (नौ प्रकार की पवित्र वनस्पतियों) की पूजा-अर्चना की गई। पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विशेष अनुष्ठान सम्पन्न हुए। श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर माता रानी से मंगल की कामना की। महासप्तमी पर पारंपरिक ढाक (ढोल) की ध्वनि और शंखनाद से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला में शाम को नृत्य-गीत प्रस्तुतियां एवं भक्ति संध्या का आयोजन किया गया।

जय मां दुर्गा के उद्घोष से गूंज उठा पांडाल

जयपुर। दुर्गा पूजा महोत्सव की महासप्तमी का दिन सी-स्कीम स्थित जय क्लब लॉन में भक्ति, उत्साह और उल्लास से भरा रहा। सुबह से ही श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना के लिए एकत्रित होने लगे। प्रातःकालीन आरती के साथ पूरे परिसर में जय मां दुर्गा के जयकारे गूंजे। मंत्रोच्चार और शंख-ध्वनि से वातावरण पवित्र हो उठा। आरती के बाद बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। स्पून रेस और अन्य मनोरंजक खेलों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

उनकी हंसी और उत्साह ने पूजा-पंडाल के माहौल को और भी जीवंत बना दिया। दोपहर में भोग प्रसादी का आयोजन किया गया। खिचड़ी, चोच्चौड़ी और पायेश (खीर) का विशेष भोग मां दुर्गा को अर्पित कर भक्तों में वितरित किया गया। भक्तों ने इसे श्रद्धा और प्रसन्नता से ग्रहण किया। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि यह प्रसाद उन्हें अपने घर-परिवार की पुरानी यादों से जोड़ देता है। शाम की आरती ने एक बार फिर पूरे वातावरण को भक्ति-रस में रंग दिया। आरती के दौरान ढाक और शंख की गूंज ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जो महासप्तमी का मुख्य आकर्षण रहा। सबसे ज्यादा सराहना बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता को मिली। नन्हे-मुन्नों ने देवी-देवताओं, स्वतंत्रता सेनानियों और लोक नायकों का रूप धारण कर मंच पर प्रस्तुति दी। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

- **नन्हे-मुन्नों ने देवी-देवताओं, स्वतंत्रता सेनानियों और लोक नायकों का रूप धारण कर मंच पर प्रस्तुति दी**

अध्यक्ष डॉ. एस.के. सरकार ने इस अवसर पर कहा कि, महासप्तमी केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारी परंपराओं और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक माध्यम है।

त्योहारी सीज़न की शुरुआत

जयपुर। भारत के सबसे बड़े हाइपरमार्केट फॉर्मेट में से एक, स्मार्ट बाज़ार, बेजोड़ जश्न और मूल्य के साथ त्योहारी सीज़न का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बहुप्रतीक्षित त्यौहार रेडी सेल 1 से 5 अक्टूबर 2025 तक चलेगी, जिसमें ग्राहकों को सबसे विस्तृत रेंज, बेहतरीन डील्स - बेजोड़ कलेक्शन और सबसे कम कीमतों पर हर उस चीज़ की पेशकश की जाएगी जिसकी उन्हें अपने त्योहारों को वाकई खास बनाने के लिए ज़रूरत है।भारत में त्योहारी सीज़न आनंद, खरीदारी और उपहार देने का पर्याय है। इसी भावना को समझते हुए, स्मार्ट बाज़ार ने अपने ग्राहकों के लिए एक वन-स्टॉप शॉपिंग डेस्टिनेशन तैयार किया है। त्यौहार रेडी सेल, फैशन और घर की सजावट से लेकर उपहार, किराने का सामान और घरेलू सामान तक, त्योहारों की ज़रूरी चीज़ों पर असाधारण मूल्य प्रदान करने का वादा करती है - यह सुनिश्चित करते हुए कि हर खरीदार ज़्यादा जश्न मना सके, ज़्यादा बचत कर सके और हर पल को और भी शानदार बना सके। इस अभियान पर प्रकाश डालते हुए, रिलायंस रिटेल - वैल्यू फॉर्मेट के सीईओ दामोदर मॉल ने कहा: ''हमारे सभी त्यौहार स्वाभाविक उपभोग के अवसर हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर में महिला चिकित्सा शिविर में की शिरकत

सेवा पखवाड़ा के तहत शिविर में महिलाओं को मिली निःशुल्क जांच और दवाइयों की सुविधा

जयपुर। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के किशनबाग, नया खेड़ा वार्ड 27 में महिला मोर्चा की ओर से निःशुल्क महिला चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सहभागिता कर महिलाओं से सीधे संवाद किया और उनके स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी ली। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। उपमुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली हर महिला का समुचित परीक्षण सुनिश्चित किया जाए और यह प्रयास किया जाए कि अधिकतम महिलाएं इस पहल का लाभ ले सकें।

- **उपमुख्यमंत्री ने कहा - महिलाएं नियमित जांच कराएं, सरकार उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध**

दिया कुमारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर गंभीर है और समाज के हर वर्ग की महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि ऐसी चिकित्सा शिविरों के आयोजन से महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी मिलती है, साथ ही नियमित जांच से गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान की जा सकती है। उन्होंने महिलाओं से यह भी आग्रह किया कि वे अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें और समय-समय पर ऐसे शिविरों में भाग लेकर जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि जब महिला स्वस्थ होती है तो परिवार, समाज और देश भी मजबूत बनता है।

शिविर में महिलाओं को प्रसूति जांच, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच जैसी सेवाएं दी गईं। इसके अतिरिक्त आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत कर आभार व्यक्त किया और सरकार की इस पहल की सराहना की।

इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला मोर्चा की पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और महिलाओं में शिविर को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

रामलीला महोत्सव में हुआ शबरी मिलन से लंका दहन तक का जीवंत मंचन, दर्शकों की भावनाएं उमड़ीं

जयपुर । रामलीला मैदान, न्यू गेट में चल रहे रामलीला महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार कोशबरी मिलन, हनुमान मिलन, बाली वध और लंका दहनजैसी प्रमुख लीलाओं का प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन में संवाद, अभिनय और भाव-प्रस्तुति की उत्कृष्टता ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। शबरी-राम संवाद और हनुमान-राम मिलनके दृश्य इतने मार्मिक रहे कि कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। संवादों की गहराई और कलाकारों की सजीव प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को अध्यात्मिक भावों से भर दिया। वहींलंका दहनका दृश्य विशेष रूप से बच्चों के लिए रोमांचकारी रहा, जिसने उत्साह और उल्लास का संचार किया। दर्शकों ने कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति पर बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कई स्थानों पर भावपूर्ण अभिनय ने उपस्थित जनसमूह को आत्मविभोर कर दिया। यह सहज प्रतिक्रिया दर्शाती है किरामकथाआज भी जनमानस के हृदय में उतनी ही जीवंत और प्रभावशाली है, जितनी वह सदियों पूर्व थी। आज के आयोजन मेंराजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री झबरमल खर्रा,समिति संरक्षक व जयपुर सांसद मंजु शर्मा,समिति मार्गदर्शक प्रवीण भैयातथासमिति अध्यक्ष नवनीत मित्तलसहित कई विशिष्ट अतिथि एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रामलीला महोत्सव में कोशबरी मिलन, हनुमान मिलन, बाली वध और लंका दहनजैसी प्रमुख लीलाओं का प्रभावशाली मंचन किया।

विधायक ने किया सीसी सड़क का लोकार्पण

जयपुर। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 125, पंचशील एंक्लेव में नगर निगम ग्रेटर द्वारा निर्मित गोकुल भाई भट्ट की समाधि स्थल तक सीसी सड़क का लोकार्पण सोमवार को क्षेत्रीय विधायक कालीचरण सराफ द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि यह सड़क स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर बनाई गई है। उन्होंने बताया कि विधायक सराफ ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ग्रेटर से समन्वय कर इस कार्य को पूर्ण करवाया।लोकार्पण समारोह में क्षेत्रीय विकास समिति के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने विधायक कालीचरण सराफ का जोरदार स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महिला आयोग की पूर्व चेयरमैन सुमन शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की जनसुनवाई

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। जनसुनवाई में महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने हेतु अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि आमजन को वास्तविक राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा और ऊर्जा जैसे विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवेदनाओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया। स्थानीय स्तर पर भी नियमित जनसुनवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से बार-बार चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवादी शासन-प्रशासन से बड़ी उम्मीद के साथ आता है। अतः सभी अधिकारियों को चाहिए कि वे समयबद्ध रूप से समस्याओं का निस्तारण करें।

- **जनसुनवाई में महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया**

सांस्कृतिक सृजन पखवाड़ा के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

जयपुर। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक सृजन पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को जवाहर कला केंद्र, जयपुर व सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकला प्रतियोगिता - विकसित भारत का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में जयपुर एवं आसपास के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, स्कूलों और कॉलेजों से करीब 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतिभागियों ने 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' थीम को अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति से कैनवास पर उकेरा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट की मनशिका सिंह चौहान ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सौरभ यादव (ड्रॉइंग एंड पेंटिंग विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय) को मिला, वहीं तृतीय स्थान अंजलि रॉय (कानोड़िया पीजी महिला कॉलेज) ने हासिल किया। केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक अलका मीणा ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की। इस मौके पर अभीक सरकार, क्षेत्राधिकारी, सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र व जूरी सदस्य में जेपी मीणा, राजेंद्र प्रसाद और पंकज यादव सहित प्रतिभागी व कला प्रेमी मौजूद रहे।

प्रतिभागियों ने 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' थीम को अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति से कैनवास पर उकेरा।

- **युवा कलाकारों ने 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' थीम पर कैनवास पर उकेरा भारत का सपना**

प्रतिभागियों में किसी ने मेट्रो प्रोजेक्ट और रैपिड रेल के जरिए देश की नई कनेक्टिविटी को दिखाया, तो किसी ने वंदे भारत एक्सप्रेस की रफ्तार को उकेरते हुए भारत की बदलती सूरत को पेश किया। एआई, इकोनॉमिक ग्रोथ, सोलर एनर्जी और औद्योगिकीकरण जैसे आधुनिक आयामों को भी छात्रों ने अपनी चित्रकारी में बखूबी दर्शाया।

चंद्रमा पर भारत की ऐतिहासिक लैंडिंग, इलेक्ट्रिक कारें, महिला शिक्षा व सशक्तिकरण, रोज़गार और ग्रामीण उत्थान जैसे विषयों पर भी युवा कलाकारों ने अपनी सोच और कल्पना को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया। इन चित्रों में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के सपने को साकार करने की झलक दिखाई दी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारत के निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर होने की कहानी को अपने कैनवास पर सजाया, जो दर्शकों को भविष्य के एक उज्जवल भारत की तस्वीर का अनुभव कराता है।

प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित दर्शकों ने छात्रों के जोश और कलात्मक अभिव्यक्ति की सराहना की। यह आयोजन युवा पीढ़ी में रचनात्मकता, देशभक्ति और विकसित भारत के सपने को साकार करने की ऊर्जा भरने वाला साबित हुआ।

जेल प्रशासन ने किया औचक निरीक्षण

जयपुर। केंद्रिय कारागार में बंदियों के पास से मोबाइल फोन मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। जेल प्रशासन की ओर से 22 दिनों में चलाए गए औचक निरीक्षण के दौरान अब तक 34 मोबाइल फोन जब्त किए जा चुके है। तमाम कोशिश के बाद भी इन घटनाओं पर अकुंश नहीं लगाया जा रहा है। हालाकी जेल प्रशासन समय -समय पर बंदियों से आपसी समझाईश कर कानूनी दायर में रहने की अपील कर रहा है। फिर जेल की चार दीवारियों के पीछे बनी कॉलोनियों से जेल परिसर में बंदियों को मोबाइल फोन पहुंच रहे है।

बीते 22 दिनों में अब तक 34 मोबाइल फोन जब्त होने के बाद लालकोठी थाने में 19 मोबाइल फोन मिलने के मामले दर्ज हो चुके है। जिनकी जांच की जा रहीं है। लालकोठी थाने में एएसआई और जांच अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि 28 सितम्बर देर रात डेढ बजे वार्ड औचक निरीक्षण किया गया।